# NEW JERSEY

# नस्लीय और स्वास्थ्य असमानताओं पर कोरोना वायरस (COVID-19) महामारी टास्क फोर्स

## सार्वजनिक गवाही के लिए टास्क फोर्स टूलकिट

अक्टूबर - दिसंबर 2022

NJ Health
New Jersey Department of Health

# परिचय

COVID-19 महामारी (COVID-19) ने पूरे देश में नस्लीय और स्वास्थ्य असमानताओं को लगातार उजागर किया है तथा इसकी स्थिति को और भी खराब किया है। अश्वेत समुदायों और अन्य सीमांत आबादी के व्यक्तियों पर COVID-19 का अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, और परिणामस्वरूप, उन्हें इसका अधिक बोझ उठाना पड़ा है।

इसे अधिक स्पष्ट रूप से समझने के लिए कि COVID-19 ने New Jersey में अल्पसंख्यकों और सीमांत समुदायों को अधिक प्रतिकूल रूप से कैसे प्रभावित किया है, विधानसभा सदस्यों Shavonda Sumter, Angelica Jimenez और Linda Carter द्वारा COVID-19 से संबंधित नस्लीय और स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं की जांच करने के उद्देश्य से एक टास्क फोर्स की स्थापना के लिए कानून प्रायोजित किया गया था। इस कानून पर गवर्नर Murphy द्वारा 11 जून, 2021 को हस्ताक्षर किया गया था।

इस कानून द्वारा New Jersey नस्लीय और स्वास्थ्य असमानताओं पर कोरोना वायरस रोग 2019 (COVID-19) महामारी टास्क फोर्स (टास्क फोर्स) बनाया गया है, जिसमें New Jersey के स्वास्थ्य विभाग (New Jersey Department of Health) द्वारा कर्मचारियों को कार्यरत किया गया है। टास्क फोर्स में 23 सदस्य शामिल हैं, जिनमें गवर्नर द्वारा नियुक्त 14 सार्वजनिक सदस्य शामिल हैं, जिनमें से कुछ को विधानमंडल की सिफारिशों के आधार पर और अन्य को कानून में निर्धारित आवश्यकताओं के आधार पर चुना गया था। शेष नौ सदस्य राज्य के विभिन्न संबंधित विभागों के पदेन सदस्य हैं। सदस्य विशेषज्ञता और नस्लीय और जातीय पृष्ठभूमि की विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इसका मिशन गवर्नर और विधायिका को COVID-19 के कारण पैदा हुई या बढ़ी असमानताओं को कम करने और भविष्य में ऐसी असमानताओं को रोकने के लिए विशिष्ट सिफारिशें प्रदान करना है।

सिफारिशें प्रदान करने से पहले, यह टास्क फोर्स पता लगाएगी कि New Jersey में अल्पसंख्यकों और उच्च जोखिम भार वाले समुदायों को महामारी ने कैसे और क्यों प्रभावित किया है, साथ ही इन समुदायों के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणामों का भी आकलन करेगी।

इसे पूरा करने के लिए, टास्क फोर्स New Jersey के निवासी सभी अल्पसंख्यकों और उच्च जोखिम भार वाले समुदायों के लोगों से COVID-19 के दौरान उनके अनुभवों के आधार पर गवाही देने का निवेदन करना और प्राप्त करना चाहेगी।

## टूलकिट के बारे में और इसका उपयोग कैसे करना है

New Jersey में COVID-19 से संबंधित नस्लीय और स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं को संबोधित करने वाली सिफारिशों को सफलतापूर्वक विकसित करने के लिए टास्क फोर्स को आपके इनपुट की आवश्यकता है। हम आपकी कहानियों और विचारों का उपयोग टास्क फोर्स की सिफारिशों को सूचित करने के लिए करेंगे जो मार्च 2023 में New Jersey के गवर्नर और विधानमंडल को प्रस्तुत की जाएंगी।

यह टूलकिट आपकी दो तरह से मदद करने के लिए डिज़ाइन की गई है:

1) किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में जो COVID-19 से प्रभावित हुआ है, यह टूलकिट आपको अपनी गवाही देने का तरीका सुझा सकती है।

2) हितधारकों, सुविधाकर्ताओं और संयोजकों के लिए, टूलकिट आपके समुदायों, अन्य संगठनों और व्यक्तियों के साथ COVID-19 के दौरान अनुभव की गई चुनौतियों के बारे में बातचीत करने में मदद कर सकती है। फिर आप इन वार्तालापों के दौरान एकत्रित की गई जानकारी को उन समुदायों के प्रतिनिधित्व में लिखित रूप में प्रस्तुत करने पर विचार कर सकते हैं जिनकी आप सेवा करते हैं।

इस टूलकिट के अंदर, आपको उन पांच स्तंभों के बारे में जानकारी मिलेगी जो टास्क फोर्स के विधायी प्रभार के फोकस क्षेत्र हैं। आपको ऐसे प्रश्न भी मिलेंगे जो आपकी व्यक्तिगत गवाही या सामुदायिक बातचीत का मार्गदर्शन करने में मदद कर सकते हैं।

## गवाही देने के लिए तीन विकल्प

1) **व्यक्तिगत रूप से।** निम्नलिखित स्थानों में से किसी एक पर आयोजित एक जन सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से भाग लें* और अपनी मौखिक टिप्पणियां दें (तीन मिनट तक सीमित) दें:

- Rutgers-Camden Campus
  - स्थान: Campus Center, Multipurpose Room
    326 Penn St., Camden, NJ 08102
  - तारीख: बुधवार, 2 नवंबर, 2022
  - समय: शाम 4:30 बजे से – 8:00 बजे तक

- Rutgers-Newark Campus
  - स्थान: Rutgers New Jersey Medical School, Lecture Hall B552
    185 South Orange Ave., Newark, NJ 07103
  - तारीख: बुधवार, 9 नवंबर, 2022
  - समय: शाम 4:30 बजे से – 8:00 बजे तक

- New Brunswick
  - स्थान: DCF Training Academy
    30 Van Dyke Ave., New Brunswick, NJ 08901
  - तारीख: शनिवार, 3 दिसंबर, 2022
  - समय: सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

* यह सुनिश्चित करने के लिए कि हर व्यक्ति समुदाय के अन्य सदस्यों को सुन सकें, सभी व्यक्तिगत जन सुनवाईयों को केवल सुने जाने वाले सत्रों के रूप में लाइवस्ट्रीम किया जाएगा। समुदाय के अन्य सदस्यों को सुनना आपको किसी अन्य जन सुनवाई (व्यक्तिगत या वर्चुअल) में अपनी गवाही देने या लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित कर सकता है। सुनवाई को निम्न लिंक पर एक्सेस किया जा सकता है: https://linktr.ee/njcovid।

2) **वर्चुअल रूप से।** एक जन सुनवाई में वर्चुअल रूप से भाग लें और अपनी मौखिक टिप्पणियां दें (तीन मिनट तक सीमित):

- Zoom मीटिंग
  - लिंक: https://us06web.zoom.us/j/85656596288
  - तारीख: 6 दिसंबर, 2022
  - समय: शाम 4:30 बजे से – 8:00 बजे तक
  - कॉल-इन जानकारी: US: +1 929 436 2866 US<br>+1 646 931 3860 US<br>+1 301 715 8592 US
  - मीटिंग आईडी: 856 5659 6288

3) **लिखित।** आपकी लिखित टिप्पणियाँ या आपके द्वारा एकत्रित की गई टिप्पणियाँ इलेक्ट्रॉनिक रूप से *njcdtf@doh.nj.gov* पर ईमेल के माध्यम से सबमिट की जा सकती हैं। हम आपकी लिखित टिप्पणियों को तीन पृष्ठों तक सीमित रखने का सुझाव देते हैं। कृपया *शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022* से पहले सबमिट करें। आप अपनी लिखित टिप्पणियाँ निम्नलिखित पते पर भी भेज सकते हैं; टिप्पणियाँ उसी समय सीमा के अंदर प्राप्त हो जानी चाहिएं:

New Jersey Department of Health
Office of Minority and Multicultural Health
55 N. Willow St., 4th Floor
P.O. Box 360
Trenton, New Jersey 08625-0360
Attention: Aracely Macias

## स्तंभ

नीचे दिए गए स्तंभ टास्क फोर्स के विधायी प्रभार के दायरे को परिभाषित करते हैं। वे गवाही के विषय क्षेत्रों का मार्गदर्शन करने में मदद करेंगे। हम विशेष रूप से राज्य के अल्पसंख्यक और सीमांत समुदायों की कहानियों और विचारों में रुचि रखते हैं जिनसे नस्लीय और स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं को खत्म करने में मदद मिलेगी और COVID-19 से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए विभिन्न श्रेणियों के व्यक्तियों और समुदायों को समर्थन मिलेगा, इनमें अश्वेत समुदाय, ग्रामीण समुदाय, विकलांग लोग और 65+ वर्ष की आयु के वयस्क शामिल हैं लेकिन यह इन तक ही सीमित नहीं है।

कृपया प्रत्येक स्तंभ के नीचे सफलता के लिए अपनी कहानियों और विचारों को साझा करें। आप एक स्तंभ, एकाधिक स्तंभों, सभी पांचों स्तंभों, या किसी भी स्तंभ पर नहीं ध्यान केंद्रित करना चुन सकते हैं।

हितधारकों के लिए, कृपया अपने समुदाय को बातचीत के लिए तैयार होने में मदद करने के लिए पांच स्तंभों और संबंधित प्रश्नों को समय से पर्याप्त पहले साझा करें।

1. **डेटा सिस्टम:** COVID-19 संक्रमणों और मौतों से संबंधित एकत्रित की गई स्वास्थ्य जानकारी में विशिष्ट जाति, जातीयता और आबादी संबंधी पहचान चिन्हों को शामिल किया जाना सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा डेटा सिस्टम को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है?

2. **स्वास्थ्य संचार:** COVID-19 के दौरान परीक्षण, संपर्क ट्रेसिंग, टीकाकरण और अन्य संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य दृष्टिकोणों के बारे में जानकारी के संचार, संदेश प्रसारण और प्रचार-प्रसार को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कैसे सुधारा जा सकता है?

   साझी सेवाओं, या संभावित भागीदारियों के लिए वे कौन से सर्वोत्तम अभ्यास, अवसर हैं जो कई भाषाओं में स्वास्थ्य देखभाल की जानकारी और सामग्री के संचार को बढ़ा सकते हैं?

3. **ऐतिहासिक और प्रणालीगत असमानताएँ:** नस्ल और जातीयता से संबंधित ऐतिहासिक और प्रणालीगत असमानताएँ क्या हैं जिन्होंने COVID-19 के दौरान राज्य के अल्पसंख्यक और सीमांत समुदायों में मृत्यु दर को बढ़ा दिया है? COVID-19 ने इन समुदायों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित क्यों किया है? अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणाम क्या हैं?

4. **स्वास्थ्य के सामाजिक संकेतक:** लोगों के रहने, सीखने, काम करने, खेलने और पूजा-पाठ करने के वातावरण की किन परिस्थितियों ने उनके स्वास्थ्य जोखिमों औरCOVID-19 से संबंधित परिणामों को प्रभावित किया? इनमें वे स्थितियां शामिल हो सकती हैं, जो COVID-19 के दौरान किसी व्यक्ति की क्वंरटीन होने या एकांतवास करने की क्षमता में बाधा डालती हैं और हस्तक्षेप करती हैं, और वे स्थितियां जो व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और भोजन सहित संसाधनों के वितरण को प्रभावित करती हैं, लेकिन ये इन तक ही सीमित नहीं हैं।

   COVID-19 ने इन वातावरणों में स्थितियों को नकारात्मक रूप से कैसे प्रभावित किया और इसके क्या परिणाम हुए? इनमें बाल देखभाल सेवाओं तक पहुंच की कमी और अंतरंग साथी से हिंसा की व्यापकता शामिल हो सकती है लेकिन यह इन तक ही सीमित नहीं है।

5. **शारीरिक/मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति और स्वास्थ्य देखभाल में असमानताएं:** COVID-19 के दौरान शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य उपचार और सेवाओं की गुणवत्ता और उन तक पहुँच से संबंधित समस्याएंक्या हैं? राज्य के अल्पसंख्यक और सीमांत समुदायों के आवश्यक कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ा?

## हितधारकों/संगठनों के लिए अतिरिक्त विकल्प

नीचे कुछ ऐसे आयोजनों के उदाहरण दिए गए हैं, जिन्हें आप जागरूकता बढ़ाने और व्यक्तियों को अपनी व्यक्तिगत गवाही प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करने, या जिन समुदायों की आप सेवा करते हैं उनसे संबंधित जानकारी एकत्रित करने के लिए होस्ट कर सकते हैं। तय करें कि आप समय से पहले जानकारी कैसे एकत्रित करेंगे ताकि आप इसे आसानी से लिखित रूप में हमारे पास जमा करवा सकें या इसे जन सुनवाई में साझा कर सकें।

### वॉच पार्टी होस्ट करना

सभी व्यक्तिगत जन सुनवाईयों को केवल सुनने के लिए लाइवस्ट्रीम किया जाएगा। हितधारक अपने समुदायों में भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए अपने घटकों को इकट्ठा कर एक वॉच पार्टी की मेजबानी कर सकते हैं। तब समुदाय के सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से भविष्य की जन सुनवाई (यदि उपलब्ध हो) में भाग लेने और मौखिक टिप्पणियां प्रदान करने या अपनी कहानियों और गवाही को लिखने और लिखित टिप्पणियां समय सीमा से पहले टास्क फोर्स को जमा करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। एक वॉच पार्टी समुदायों को संबोधित किए जा रहे मुद्दों से संबंधित मजबूत समूह चर्चाओं को संगठित करने और बढ़ावा देने की सुविधा भी दे सकती है। इसे हितधारक/संगठन द्वारा कैप्चर किया और लिखित रूप में समय सीमा से पहले टास्क फोर्स को प्रस्तुत किया जा सकता है।

### एक चर्चा होस्ट करना

एक गोलमेज सम्मेलन, पैनल चर्चा या अनौपचारिक बातचीत की मेजबानी करना संबंधों को बढ़ावा देता है और व्यावहारिक चर्चा और रुचि को बढ़ा सकता है। ये आयोजन आभासी, व्यक्तिगत रूप से या दोनों का संयोजन हो सकते हैं। जब आप अपने स्वयं के सम्मेलन की मेजबानी करते हैं, तो आप अपनी बातचीत का मार्गदर्शन करने के लिए स्तंभों (ऊपर) और प्रश्नों (नीचे) का उपयोग कर सकते हैं।

तय करें कि आप चर्चाओं से जानकारी कैसे एकत्रित और प्राप्त करेंगे। अपनी चर्चा के बाद,

कृपया अपनी कहानियां और अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करें। उन्हें यथासंभव विशिष्ट बनाएं। कृपया अपनी प्रतिक्रिया ईमेल के माध्यम से njcdtf@doh.nj.gov पर शुक्रवार, 16 दिसंबर, 2022 तक साझा करें ताकि उनपर विचार किया जाना सुनिश्चित हो। जब आप अपनी प्रतिक्रियाएँ प्रस्तुत करें, तो अपने संगठन का नाम (यदि लागू हो), स्थान जहाँ आपका सम्मेलन हुआ था, अपने समूह में सदस्यों की संख्या का वर्णन और उसमें उपस्थित लोगों का एक सामान्य विवरण (अर्थात, एक विशेष शहर के समुदाय के सदस्य, अधिवक्ता, चिकित्सक, आदि) का उल्लेख करें।

## आपकी गवाही/चर्चा में सहायता के लिए सैंपल प्रश्न

- COVID-19 ने आपको, आपके परिवार या आपके समुदाय को कैसे प्रभावित किया है: वे स्थान या वातावरण जहाँ आप रहते हैं, सीखते हैं, काम करते हैं, खेलते हैं, पूजा-पाठ करते हैं और बढ़ते हैं?
- इन मुद्दों के समाधान के लिए आप सरकार को क्या कदम उठाते देखना चाहेंगे?
- क्या आपको लगता है कि आपकी नस्ल और/या जातीयता ने COVID-19 से संबंधित जानकारी, परीक्षण, टीकाकरण और/या स्वास्थ्य देखभाल तक आपकी पहुंच को प्रभावित किया है?
- महामारी के दौरान प्राथमिक देखभाल किस तरह से सीमांत समुदायों की बेहतर सेवा कर सकती है?
- संकट के समय में समुदाय के सदस्य कैसे संसाधन बन सकते हैं?
- क्या आप कभी COVID-19 से संबंधित किसी घोटाले/धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं? यदि ऐसा है तो कृपया वर्णन करें।
- भावी सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों की तैयारी के लिए व्यक्तियों/हितधारकों/संगठनों/नियोक्ताओं द्वारा अपनाए जा सकने वाले सर्वोत्तम अभ्यासों के लिए आपके क्या सुझाव हैं?